<u>प्रादेशिक समाचार</u>
<u>दिनांक – 02.01.2026 (संध्या–1900 बजे)</u>
<u>मुख्य समाचार</u>

1. केन्द्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कृषि क्षेत्र को सशक्त बनाने पर दिया जोर, कहा– किसानों की आय बढ़ाना सरकार की मुख्य प्राथमिकता।
2. केन्द्रीय रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ की पहल पर रांची को मिली दो नई सड़क परियोजनाओं की सौगात, रामपुर चौक पर ओवरब्रिज और इरबा में बनेगी भूमिगत टनल।
3. रिजर्व बैंक ऑफ इंडिया ने कहा– 500 रुपये के नोट पूरी तरह वैध, एटीएम से 500 के नोट बंद करने के दावों को बताया फर्जी।
4. हजारीबाग जेल ब्रेक मामले की जांच करेगी एसआइटी, दो डीएसपी और दो इंस्पेक्टर समेत कई पुलिस पदाधिकारी शामिल।

और

5. सड़क सुरक्षा माह के तहत राज्य भर में अभियान तेज, लोगों को यातायात नियमों के पालन के प्रति किया जा रहा जागरूक।

***************

केन्द्रीय कृषि और किसान कल्याण मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा है कि किसानों की आय बढ़ाना केंद्र सरकार की मुख्य प्राथमिकता है। श्री चौहान ने नासिक में बताया कि किसानों के कल्याण के लिए कई योजनाएं लाई गई हैं। उन्होंने आश्वास्त किया कि कृषि क्षेत्र को सशक्त बनाने के लिए सभी आवश्यक प्रयास जारी रहेंगे।

***************

केन्द्रीय रक्षा राज्य मंत्री सह रांची के सांसद संजय सेठ की पहल पर केंद्र सरकार ने रांची को दो महत्वपूर्ण सड़क परियोजनाओं की सौगात दी है। राष्ट्रीय राजमार्ग मंत्रालय ने इन दोनों परियोजनाओं को स्वीकृति दे दी है और इनके लिए टेंडर प्रक्रिया भी शुरू कर दी गई है। इन परियोजनाओं के पूरा होने से रांची और आसपास के क्षेत्रों में यातायात व्यवस्था बेहतर होने के साथ–साथ सड़क दुर्घटनाओं में भी कमी आने की उम्मीद है। स्वीकृत परियोजनाओं के तहत राष्ट्रीय राजमार्ग संख्या–33 पर रामपुर चौक के समीप ओवरब्रिज का निर्माण किया जाएगा। इसके अलावा जमशेदपुर हजारीबाग मार्ग पर विकासपुर चौक (इरबा) के पास भूमिगत टनल बनाई जाएगी।

***************

सोशल मीडिया पर रिजर्व बैंक ऑफ इंडिया द्वारा मार्च 2026 तक एटीएम से 500 रुपये के नोट बंद किए जाने का दावा किया जा रहा है। पीआईबी फैक्ट चेक ने इस दावे को फर्जी बताते हुए स्पष्ट किया है कि आरबीआई ने इस संबंध में कोई घोषणा नहीं की है और 500 रुपये के नोट पूरी तरह वैध हैं।

***************

रांची जिले में 6 जनवरी से 10 जनवरी तक सभी प्रखंडों में 'प्रखंड स्वास्थ्य मेले' का आयोजन किया जाएगा। रांची में आयोजित संवाददाता सम्मेलन को संबोधित करते हुए रांची के सिविल सर्जन प्रभात कुमार ने बताया है कि यह स्वास्थ्य मेला 14 सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों और 4 प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों नगड़ी, इटकी, राहे और खलारी में निशुल्क आयोजित किया जाएगा।

****************

चतरा जिले की उपायुक्त कीर्ति श्री ने सदर अस्पताल का औचक निरीक्षण किया। उन्होंने स्वास्थ्य सुविधाओं को और बेहतर बनाने और मरीजों को उपलब्ध सेवाओं की गुणवत्ता का आंकलन किया। इस दौरान उपायुक्त ने कहा कि अस्पताल में मातृ और नवजात शिशु देखभाल विभाग का शुभारंभ जल्द किया जाएगा।

****************

हजारीबाग सेंट्रल जेल ब्रेक मामले को लेकर पुलिस फरार कैदियों की गिरफ्तारी को लेकर लगातार छापेमारी कर रही है। हजारीबाग के पुलिस अधीक्षक अंजनी अंजन ने बताया कि इस मामले को लेकर एसआइटी का गठन किया गया है। जिसमें दो डीएसपी और दो इंस्पेक्टर समेत कई पुलिस पदाधिकारी शामिल हैं। उन्होंने बताया कि फरार कैदी देवा भुइयां की अगुवाई में ही सभी बंदी फरार हुए हैं

****************

रांची पुलिस ने वर्ष 2025 में संगठित अपराधों और अन्य गंभीर आपराधिक घटनाओं में शामिल तीन सौ निन्यानबे अभियुक्तों को गिरफ्तार करने में बड़ी सफलता हासिल की है। पिछले वर्ष की उपलब्धियों की जानकारी देते हुए एसएसपी राकेश रंजन ने कहा कि नशीले पदार्थों के खिलाफ अभियान में पुलिस ने रिकॉर्ड 14 करोड़ चौरासी लाख मूल्य का नशीला पदार्थ बरामद किया।

****************

नव वर्ष के शुरू होने के साथ साहिबगंज जिले में रेल गाड़ियों की सुविधाओं में विकास किया गया है। साहिबगंज को पश्चिम बंगाल के बर्दवान को जोड़ने के लिए एक पैसेंजर ट्रेन दिया गया है।

****************

राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह के तहत राज्य भर में यातायात नियमों को लेकर जागरूकता अभियान चलाए जा रहे हैं। धनबाद जिले में उपायुक्त आदित्य रंजन ने सड़क सुरक्षा जागरूकता रथ को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। इधर जमशेदपुर में सड़क सुरक्षा की अवहेलना करने वालों को जिला परिवहन पदाधिकारी धनंजय कुमार और ट्रैफ़िक डीएसपी नीरज फूल देकर नियमों के पालन की अपील कर रहे हैं

इधर जामताड़ा जिले के नारायणपुर प्रखंड के सभी चौक चौराहों पर सड़क सुरक्षा अभियान चलाया गया। हजारीबाग में प्रशासनिक और पुलिस अधिकारियों ने यातायात नियमों का पालन नहीं करने वालों से गांधीगीरी की तर्ज परयातायात नियमों के पालन करने की नसीहत दी।

****************

मौसम विभाग के अनुसार कल से रांची सहित राज्य के कई हिस्सों में फिर से शीतलहर चलने की संभावना है। मौसम विभाग रांची केन्द्र ने चार जनवरी तक गढ़वा, पलामू समेत राज्य के कई हिस्सों में घना कोहरा छाये रहने को लेकर येलो अलर्ट जारी किया है।

*******समाप्त*********